DELHI LEGISLATIVE ASSEMBLY

BULLETIN PART - II

( General information relating to Legislative & other matters )

Friday, March 10,2000/Phalgun 20, 1921 (Saka )

No. 72.

PRIVATE MEMBERS' RESOLUTIONS

Hon'ble Members are informed that the following Resolutions under Rule 89 of the Rules of Procedure and Conduct of Business have been received by the Assembly Secretariat for discussion on Friday the 24th March,2000:-

| S.No. | Name of the Member | Text of Resolution |
|---|---|---|
| 1. | Sh. Jagdish Anand | This House recommends that with a view to control the increasing air pollution in Delhi and to encourage the motorists to extend help in this endeavour, a subsidy of 50% be given by the Govt. to those motorists who put up CNG connections in their vehicles. |
| 2. | Sh. Jagdish Anand | This House resolves that distribution and transmission of electricity be privatised forthwith. |
| 3. | Sh. Jagdish Anand | This House resolves that reservation upto 60% of seats in the Delhi College of Engg., Netaji Institute of Technology Maulana Azad Medical College and UCMS may be given to children of Delhi domicile as applicable in the Guru Gobind Singh Indraprastha University Acttand by making suitable amendments in the University Act. |
| 4. | Sh. Jagdish Anand | This House resolves that in order to conserve electricity, all shops should remain open from 8 A.M. to 5 P.M. and on one day in a week from 12 A.M.(noon) to 10 P.M.(night) by amending shops establishment Act. |
| 5. | Sh. Jagdish Anand | This House resolves that all marriage processions and similar other procedsios which create nuisance and obstruction be beanned on the roads of Delhi. |

| S.No. | Name of the Member | Text of Resolution |
|---|---|---|
| 6. | Sh. Mukesh Sharma | This House resolves that the Govt. of Delhi should formulate a definiae policy so as to give to its employees promotions in a time bound manner. |
| 7. | Sh. Mukesh Sharma | This House condemns the move of Govt. of Gujarat to force its employees to participate in the activities of the RSS and demands that the Govt. of India should compel the State Govt. to rescind its orders else the President should be advised to dismiss the Gujarat Govt. forthwith. |
| 8. | Sh. Nand Kishore Garg | This House recommends that a Delhi State Road construction and maintenance corporation be constituted with a view to ensure upkeep and maintenance of all main roads in the N.C.T. of Delhi. |
| 9. | Sh. Nand Kishore Garg | This House resolves that keeping in view the growth in Delhi's population and increase in the number of patients in Hospitals, the number of Hospitals adn beds therein may be proportionally increased. |
| 10. | Sh. Bheesham Sharma | This House demands that the Toll tax and Motor Tax imposed by Municipal Corporation of Delhi be withdrawn forthwith. |

| S.No. | Name of the Member | Text of Resolution |
|---|---|---|
| 11. | Sh. Bheesham Sharma | This House demands that 33% reservation be extended to women in Delhi domicile on all posts under Govt. of Delhi and other autonomous and local bodies by enacting suitable legislation. |
| 12. | Sh. Arvinder Singh Lovely | This House demands that students of Delhi domicile be given reservation in Medical & Engg. Colleges operating under University of Delhi on the lines of Guru Gobind Singh Indraprastha University. |
| 13. | Sh. Arvinder Singh Lovely | This House demands from Govt. of India that suitable amendments be made in Article 239 AA of the Constitution of India with a view to lift the embargo on the number of Ministers in the Govt. of NCT of Delhi thus bring Delhi at par with other States. |

As per Rule 96(2), only three Resolutions are to be set down in the list of Business for the day allotted for Private Members Business, unless the Speaker direct otherwise. The following three Resolutions have found place in the ballotting held on 9 March, 2000 in the presence of Smt. Kiran Choudhary, Shri Mahabal Mishra and Shri Jagdish Anand and Hon'ble Speaker has admitted these Resolutions for discussion on Friday, the 24th March, 2000 :-

| S.No. | Name of the Member | Text of Resolution |
|---|---|---|
| 1. | Shri J.S. Chauhan<br>Shri Arvinder Singh Lovely<br>Smt. Meera Bhardwaj | This House demands from Govt. of India that suitable amendments be made in Article 239 AA of the Constitution of India with a view to lift the embargo on the number of Ministers in the Govt. of NCT of Delhi thus bring Delhi at par with other States. |
| 2. | Sh. Nand Kishore Garg | This House recommends that a Delhi State Road construction and maintenance corporation be constituted with a view to ensure unkeep and maintenance of all main roads in the N.C.T. of Delhi. |
| 3. | Sh. Bheesham Sharma | This House demands that 33% reservation be extended to women in Delhi domicile on all posts under Govt. of Delhi and other autonomous and local bodies by enacting suitable legislation. |

S.K. SHARMA
SECRETARY

विधान सभा सचिवालय

समाचार भाग -।।

{विधायी एवं अन्य मामलों से संबंधित सामान्य सूचना}

शुक्रवार, मार्च,10, 2000/फाल्गुन 20, 1921 {शक}

संख्या-72

## गैर सरकारी सदस्यों के प्रस्ताव

माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि शुक्रवार दिनांक 24 मार्च,2000 को सदन में चर्चा हेतु विधान सभा सचिवालय को प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली के नियम 89 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं:

| क्र·सं· | सदस्य का नाम | संकल्प |
|---|---|---|
| 1· | श्री जगदीश आनन्द | यह सदन सिफारिश करता है कि दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने और वाहन चालकों को इस प्रयास में प्रोत्साहन देने हेतु सरकार उन वाहन मालिकों/चालकों को अपने वाहनों में सी·एन·जी· कनैक्शन लगवाने पर 50 प्रतिशत की रियायत दे। |
| 2· | श्री जगदीश आनन्द | यह सदन सिफारिश करता है कि दिल्ली में बिजली के वितरण और ट्रान्समिशन का निजीकरण किया जाये। |
| 3· | श्री जगदीश आनन्द | यह सदन सिफारिश करता है कि दिल्ली कालेज आफ इंजीनियरिंग, नेताजी इंस्टीट्यूट आफ टैक्नालाजी, मौलाना आजाद मेडिकल कालेज आदि में दिल्ली के विद्यार्थियों के लिए 60 प्रतिशत स्थान आरक्षित किये जायें जैसा कि गुरू गोविन्द सिंह विश्वविद्यालय अधिनियम में प्रावधान है और इसके लिए दिल्ली विश्वविद्यालय अधिनियम में भी उचित संशोधन किया जाये । |

| क्र.सं. | सदस्य का नाम | संकल्प |
|---|---|---|
| 4. | श्री जगदीश आनन्द | यह सदन सिफारिश करता है कि बिजली की बचत करने हेतु सभी दुकानें प्रातः 8.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक और सप्ताह में एक दिन दोपहर 12.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक खोली जायें तथा इस हेतु "शॉप इस्टैब्लिशमैन्ट एक्ट" में उचित संशोधन किया जाये । |
| 5. | श्री जगदीश आनन्द | यह सदन सिफारिश करता है कि सड़कों पर निकलने वाले शादी-ब्याह एवं इसी तरह के अन्य जलूस जिनसे सड़कों का यातायात अवरुद्ध होता है, पर रोक लगायी जाये । |
| 6. | श्री मुकेश शर्मा | यह सदन संकल्प करता है कि दिल्ली सरकार अपने कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से पदोन्नति देने हेतु एक निश्चित नीति बनाये । |
| 7. | श्री मुकेश शर्मा | यह सदन गुजरात सरकार के उस निर्णय जिसके तहत राज्य सरकार के कर्मचारियों को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधियों में भाग लेने के लिए बाध्य किया गया है, की निन्दा करता है और मांग करता है कि केन्द्र सरकार गुजरात सरकार को अपना निर्णय वापस लेने के लिए बाध्य करं अन्यथा राष्ट्रपति को गुजरात सरकार बर्खास्त करने की सलाह दे । |
| 8. | श्री नन्द किशोर गर्ग | यह सदन मांग करता है कि दिल्ली की सभी सड़कों की देखभाल और रख-रखाव हेतु दिल्ली राज्य सड़क निर्माण एवं रख-रखाव निगम का गठन किया जाये। |
| 9. | श्री नन्द किशोर गर्ग | यह सदन सिफारिश करता है कि दिल्ली में बढ़ती आबादी और अस्पतालों में मरीजों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए उसी अनुपात में अस्पताल और उनमें उपलब्ध बिस्तरों की संख्या में वृद्धि की जाये |

| क्रं॰सं॰ | सदस्य का नाम | संकल्प |
|---|---|---|
| 10· | श्री भीष्म शर्मा | यह सदन मांग करता है कि दिल्ली नगर निगम द्वारा लागू किये गये टोल टैक्स और मोटर टैक्स को तुरन्त वापस लिया जाये । |
| 11· | श्री भीष्म शर्मा | यह सदन मांग करता है कि दिल्ली सरकार एवं इसके अधीनस्थ अन्य स्वायत्त एवं स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए कानून बनाकर 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया जाये । |
| 12· | श्री अरविन्दर सिंह लवली | यह सदन मांग करता है कि गुरु गोविन्द सिंह इन्द्रप्रस्थ महाविद्यालय की तरह दिल्ली विश्वविद्यालय के अन्तर्गत चलने वाले मेडिकल और इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में दिल्ली के छात्रों को आरक्षण दिया जाये । |
| 13· | श्री अरविन्दर सिंह लवली | यह सदन केन्द्र सरकार से मांग करता है कि संविधान की धारा 239 कक में उचित संशोधन करके दिल्ली में मंत्रियों की संख्या पर लगा प्रतिबन्ध तुरन्त हटाया जाये और उसे अन्य राज्यों के समकक्ष किया जाये। |

...

जब तब अध्यक्ष अन्यथा निर्देश न दें, तब तक गैर-सरकारी सदस्यों के कार्यों के लिए आबंटित दिन के लिए कार्यसूची में नियम- 96(2) के अनुसार केवल तीन संकल्प सूचीबद्ध किये जाते हैं। 9 मार्च, 2000 को श्रीमती किरण चौधरी, श्री महाबल मिश्रा और श्री जगदीश आनन्द की उपस्थिति में सम्पन्न बैलेटिंग में निम्नलिखित 3 संकल्पों को स्थान मिला है और माननीय अध्यक्ष ने इन संकल्पों को शुक्रवार दिनांक 24 मार्च, 2000 को चर्चा के लिए स्वीकार किया है:

| क्र.सं. | सदस्य का नाम | संकल्प |
|---|---|---|
| 1. | श्री जे.एस. चौहान<br>श्री अरविन्दर सिंह लवली<br>श्रीमती मीरा भारद्वाज | यह सदन केन्द्र सरकार से मांग करता है कि संविधान की धारा 239 कक में उचित संशोधन करके दिल्ली में मंत्रियों की संख्या पर लगा प्रतिबन्ध तुरन्त हटाया जाये और उसे अन्य राज्यों के समकक्ष किया जाये । |
| 2. | श्री नन्द किशोर गर्ग | यह सदन मांग करता है कि दिल्ली की सभी सड़कों की देखभाल और रख-रखाव हेतु दिल्ली राज्य सड़क निर्माण एवं रख-रखाव निगम का गठन किया जाये । |
| 3. | श्री भीष्म शर्मा | यह सदन मांग करता है कि दिल्ली सरकार एवं इसके अधीनस्थ अन्य स्वायत्त एवं स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए कानून बनाकर 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया जाये । |

**एस.के. शर्मा**
**सचिव**